## PART—I / भाग—I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :*** Answer the following questions (Q. Nos. **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

*निर्देश :* निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं० **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**1.** Read the following statements :

Assertion (A) : Students with poor writing abilities are often stereotyped by their teachers as 'intellectually disabled'.

Reason (R) : Teachers tend to have implicit bias and hold assumptions about students' learning behaviours that can affect students' growth.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.
(2) Both A and R are false.
(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : खराब लेखन क्षमता वाले छात्रों को अक्सर उनके शिक्षकों द्वारा 'बौद्धिक रूप से अक्षम' के रूप में चित्रित किया जाता है।

कारण (R) : शिक्षकों में अंतर्निहित पूर्वाग्रह होते हैं और छात्रों के सीखने के व्यवहार के बारे में धारणा रखते हैं जो छात्रों के विकास को प्रभावित कर सकते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।
(2) A और R दोनों गलत हैं।
(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।
(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

**2.** Which of the following is ***not*** a way to promote diversity in the classroom?

(1) Adapting behaviour based on stereotyping students according to their backgrounds and cultures
(2) Providing opportunities for students to interact with individuals from different backgrounds and cultures
(3) Incorporating a variety of perspectives and experiences in the curriculum
(4) Encouraging students to express their unique identities and cultures

निम्नलिखित में से कौन-सा कक्षा में विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक तरीका **नहीं** है?

(1) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के आधार पर पूर्वाग्रह के अनुकूल व्यवहार करना
(2) अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के व्यक्तियों के साथ बातचीत करने के लिए विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करना
(3) पाठ्यक्रम में विभिन्न दृष्टिकोणों और अनुभवों को शामिल करना
(4) विद्यार्थियों को उनकी अनूठी पहचान और संस्कृतियों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना

3. Which of the following is the correct match of learning disability and challenge caused by it?

(1) Dyslexia—Impacts ability to learn numbers and arithmetic operations
(2) Dyspraxia—Impacts ability to see, hear and talk properly
(3) Dyscalculia—Impacts ability to read and language processing skills
(4) Dysgraphia—Impacts fine motor skills and spelling

निम्नलिखित में से अधिगम अक्षमता और इसके कारण होने वाली चुनौती का सही मेल कौन-सा है?

(1) पठन वैकल्य—संख्याओं और अंकगणितीय संक्रियाओं की सीखने की क्षमता को प्रभावित करता है
(2) गतिसमन्वय वैकल्य—ठीक से देख, सुन व बोल पाने की क्षमता को प्रभावित करता है
(3) गुणज वैकल्य—पढ़ने की क्षमता और भाषा प्रसंस्करण कौशल को प्रभावित करता है
(4) लेखन वैकल्य—सूक्ष्म पेशीय कौशल और वर्तनी को प्रभावित करता है

4. Students struggling with 'autism' show ease at

(1) familiar and predictable routines.
(2) rapid transitions between activities.
(3) communication with strangers.
(4) eye contact during conversation.

'स्वलीनता' से जूझ रहे विद्यार्थियों को आसानी होती है

(1) परिचित और पूर्वानुमेय दिनचर्या का पालन करने में।
(2) गतिविधियों के बीच तेज़ी से बदलाव करने में।
(3) अजनबियों के साथ संवाद करने में।
(4) बातचीत के दौरान आँखों का संपर्क स्थापित करने में।

5. Which of the following statements is ***not*** correct about gifted children?

(1) Gifted children are born with extraordinary abilities and potential that need to be nurtured.
(2) Gifted children have lower sense of curiosity and poor imagination skills.
(3) Children can be gifted at different levels and some can have some kind of disability also.
(4) Children can be gifted in more than one kind of intelligence.

प्रतिभाशाली बच्चों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) प्रतिभाशाली बच्चे विशेष क्षमताओं और सामर्थ्य के साथ पैदा होते हैं जिन्हें विकसित करने की आवश्यकता होती है।
(2) प्रतिभाशाली बच्चों में जिज्ञासा की भावना कम होती है और उनकी कल्पनाशक्ति भी कमज़ोर होती है।
(3) बच्चे विभिन्न स्तरों पर प्रतिभाशाली हो सकते हैं और कुछ में किसी प्रकार की अक्षमता भी हो सकती है।
(4) बच्चे एक से अधिक प्रकार की बुद्धि में प्रतिभाशाली हो सकते हैं।

6. Error analysis by students

(1) is a futile activity in process of learning.
(2) supports students in retaining their learning.
(3) creates further gaps in students' understanding.
(4) hinders metacognitive skills of students.

विद्यार्थियों द्वारा स्वयं का त्रुटि विश्लेषण

(1) अधिगम प्रक्रिया में एक निरर्थक गतिविधि है।
(2) विद्यार्थियों के लिए अधिगम को स्मृति में बनाए रखने में सहायता प्रदान करता है।
(3) विद्यार्थियों की समझ में और अधिक फासला पैदा करता है।
(4) विद्यार्थियों के अधिसंज्ञानात्मक कौशलों में बाधा डालता है।

7. Which of the following statements is correct regarding declarative knowledge and procedural knowledge?

(1) Procedural knowledge is generally process-oriented in nature.

(2) Procedural knowledge tells the factual knowledge about something.

(3) Declarative knowledge emphasizes how to do something.

(4) Declarative knowledge is also known as analytical knowledge.

घोषणात्मक ज्ञान और प्रक्रियात्मक ज्ञान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) प्रक्रियात्मक ज्ञान आमतौर पर कार्यविधि-उन्मुख होता है।

(2) प्रक्रियात्मक ज्ञान किसी चीज़ के बारे में तथ्यात्मक ज्ञान बताता है।

(3) घोषणात्मक ज्ञान इस बात पर ज़ोर देता है कि कोई चीज़ कैसे करनी चाहिए।

(4) घोषणात्मक ज्ञान को विश्लेषणात्मक ज्ञान के रूप में भी जाना जाता है।

8. Contents which require an extension or modification of existing cognitive structures take _____ time for learning and are retained for _____ duration.

(1) short, short (2) short, long

(3) long, long (4) long, short

जिन विषय-वस्तुओं को मौजूदा संज्ञानात्मक संरचनाओं के विस्तार या संशोधन की आवश्यकता होती है, उन्हें सीखने में _____ समय लगता है और वे _____ अवधि के लिए स्मृति में बने रहते हैं।

(1) कम, कम (2) कम, लंबी

(3) लंबा, लंबी (4) लंबा, कम

9. Read the following statements :

Assertion (A) : Teachers should encourage children to focus on questions such as "what is my learning goal and what do I need to do to get there".

Reason (R) : When students understand how to self-assess their work performance, they can use this understanding to help themselves learn and progress.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.

(2) Both A and R are false.

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : शिक्षकों को बच्चों को ऐसे प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जैसे कि ''मेरा सीखने का लक्ष्य क्या है और वहाँ पहुँचने के लिए मुझे क्या करने की ज़रूरत है''।

कारण (R) : जब छात्र समझते हैं कि उनके काम के प्रदर्शन का आत्म-मूल्यांकन कैसे किया जाए, तो वे इस समझ का उपयोग खुद को सीखने और अपनी प्रगति में मदद करने के लिए कर सकते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।

(2) A और R दोनों गलत हैं।

(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

10. In guided discovery approach of learning

(1) opportunities are provided to learners to construct knowledge for themselves.

(2) teacher acts as a dictator and learners act as listeners.

(3) learners are left on their own without any kind of intervention by teacher.

(4) no prior planning or previous knowledge is required.

अधिगम के निर्देशित खोज-आधारित उपागम में

(1) शिक्षार्थियों को स्वयं के लिए ज्ञान की रचना करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

(2) शिक्षक एक तानाशाह के रूप में कार्य करता है और शिक्षार्थी श्रोताओं के रूप में कार्य करते हैं।

(3) शिक्षक द्वारा किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप के बिना शिक्षार्थियों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है।

(4) किसी पूर्व योजना या पूर्व ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती है।

11. Which of the following strategies is ***not*** effective while developing conceptual understanding in children?

(1) Asking students to generate their own examples

(2) Asking students to memorize the definition as it is

(3) Presenting a wide range of examples in diverse contexts

(4) Presenting non-examples to show what the concept is not

निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति बच्चों में वैचारिक समझ विकसित करते समय प्रभावी **नहीं** है?

(1) विद्यार्थियों से अपने स्वयं के उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए कहना

(2) विद्यार्थियों से परिभाषा को ज्यों का त्यों याद करने के लिए कहना

(3) विविध संदर्भों में उदाहरणों की एक विस्तृत शृंखला प्रस्तुत करना

(4) अवधारणा क्या नहीं है यह दिखाने के लिए गैर-उदाहरण प्रस्तुत करना

12. An active middle school classroom should be founded on the theoretical principles of

(1) social constructivism (2) psychoanalysis

(3) behaviourism (4) psychodynamism

एक सक्रिय माध्यमिक विद्यालय कक्षा किसके सैद्धांतिक सिद्धांतों पर स्थापित की जानी चाहिए?

(1) सामाजिक रचनावाद (2) मनोविश्लेषण

(3) व्यवहारवाद (4) मनोगत्यात्मकता

**13.** Read the following statements :

Assertion (A) : Empathy depends on the ability to understand that others have feelings and to gauge their feelings.

Reason (R) : Emotions and cognition are not related to each other.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.

(2) Both A and R are false.

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : समानुभूति यह समझने की योग्यता पर निर्भर करती है कि दूसरों की भावनाएँ हैं और उनकी भावनाओं के अनुमान के लिए।

कारण (R) : भावनाएँ और संज्ञान एक-दूसरे से संबंधित नहीं हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।

(2) A और R दोनों गलत हैं।

(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

**14.** A middle school teacher can enable students become strategic self-motivated learners by—

(1) dictating well-prepared answers to questions in the textbook.

(2) stressing upon objective-type testing at the end of the term.

(3) encouraging students to develop their metacognitive knowledge and skills.

(4) providing varied forms of reinforcement for every task completed.

एक माध्यमिक स्कूल शिक्षक छात्रों को रणनीतिक स्व-प्रेरित शिक्षार्थी बनने में किस प्रकार सक्षम बना सकता है?

(1) पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह से लिखवाकर।

(2) सत्र के अंत में वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षण पर जोर देकर।

(3) छात्रों को उनके अधिसंज्ञानात्मक ज्ञान और कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करके।

(4) पूरे किए गए प्रत्येक कार्य के लिए विभिन्न प्रकार के पुनर्बलन प्रदान करके।

**15.** Which of the following exemplifies intrinsic motivation?

(1) Motivation driven by competition with others

(2) Motivation driven by gaining the appreciation of others

(3) Motivation driven by external rewards

(4) Motivation driven by personal interest or enjoyment of the task

निम्नलिखित में से कौन-सा आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है?

(1) दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा से अभिप्रेरित अभिप्रेरणा

(2) दूसरों की प्रशंसा प्राप्त करने से अभिप्रेरित अभिप्रेरणा

(3) बाहरी पुरस्कारों से अभिप्रेरित अभिप्रेरणा

(4) व्यक्तिगत रुचि या कार्य के आनंद से अभिप्रेरित अभिप्रेरणा

16. Which debate is highlighted in the following question?

"Does an individual's biologically determined sex bring with it all the characteristics that define one's socially constructed gender?"

(1) Stable-Unstable view of development

(2) Entity-Incremental view of ability

(3) Nature-Nurture influences on development

(4) Continuous-Discontinuous view of development

निम्नलिखित प्रश्न में किस बहस पर प्रकाश डाला गया है?

''क्या किसी व्यक्ति का जैविक रूप से निर्धारित जेंडर अपने साथ वे सभी विशेषताएँ लाता है जो किसी के सामाजिक रूप से निर्मित जेंडर को परिभाषित करती हैं?''

(1) विकास का स्थिर-अस्थिर दृष्टिकोण

(2) योग्यता का अटल-वृद्धिशील दृष्टिकोण

(3) प्रकृति-परिवेश का विकास पर प्रभाव

(4) विकास का निरंतर-विच्छिन्न दृष्टिकोण

17. A major developmental task during ______ is the search for identity—personal, sexual and occupational.

(1) adolescence

(2) middle adulthood

(3) middle childhood

(4) early childhood

______ के दौरान एक प्रमुख विकासात्मक कार्य व्यक्तिगत, यौन और व्यावसायिक पहचान की खोज है।

(1) किशोरावस्था

(2) मध्य वयस्कता

(3) मध्य बाल्यावस्था

(4) प्रारंभिक बाल्यावस्था

4653603

18. Read the following statements :

Assertion (A) : Children learn values and norms of the society in overt as well as covert ways.

Reason (R) : Socialization is the simple process of passing on customs and rituals of the society.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.
(2) Both A and R are false.
(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.
(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : बच्चे समाज के मूल्यों और मानदंडों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीकों से सीखते हैं।

कारण (R) : समाजीकरण समाज के रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों को पारित करने की एक सरल प्रक्रिया है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।
(2) A और R दोनों गलत हैं।
(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।
(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

19. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, which of the following abilities distinguishes formal operational thinking from concrete operational thinking?

(1) Object permanence
(2) Symbolic play
(3) Abstract logic
(4) Conservation

जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी क्षमता औपचारिक संक्रियात्मक सोच को मूर्त संक्रियात्मक सोच से भिन्न करती है?

(1) वस्तु स्थायित्व
(2) प्रतीकात्मक खेल
(3) अमूर्त तर्क
(4) संरक्षण

20. A significant critique of Jean Piaget is that he failed to adequately consider the influence of _____ on development.

(1) experience
(2) activity
(3) maturation
(4) culture

जीन पियाजे की एक महत्त्वपूर्ण आलोचना यह है कि वह विकास पर _____ के प्रभाव पर पर्याप्त रूप से विचार करने में विफल थे।

(1) अनुभव
(2) क्रिया
(3) परिपकता
(4) संस्कृति

21. Which of the following is a correctly matched pair?

(1) Law and Order orientation—Upholding principles of social justice for humanity
(2) Social Contract orientation—Consideration of perception of others
(3) Punishment and Obedience orientation—Avoidance of bad consequences
(4) Good boy-Good girl orientation—Greatest good for greater numbers

निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित युग्म है?

(1) कानून और व्यवस्था उन्मुखीकरण—मानवता के लिए सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कायम रखना
(2) सामाजिक अनुबंध उन्मुखीकरण—दूसरों की धारणा पर ध्यान
(3) दंड और आज्ञाकारिता उन्मुखीकरण—बुरे परिणामों से बचाव
(4) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की उन्मुखीकरण—अधिक-से-अधिक संख्याओं के लिए सबसे अच्छा

22. Jean Piaget and Lev Vygotsky are similar in their belief that

(1) culture has a profound effect on the learning.
(2) development of children takes place in stage-like progression.
(3) children are involved in the process of meaning making.
(4) language influences and determines thought.

जीन पियाजे और लेव वायगोत्स्की के दृष्टिकोण में कौन-सी मान्यता समान है?

(1) संस्कृति का सीखने पर गहरा प्रभाव पड़ता है।
(2) बच्चों का विकास चरणों में होता है।
(3) बच्चे अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया में शामिल होते हैं।
(4) भाषा संज्ञान को प्रभावित और निर्धारित करती है।

3. Lev Vygotsky proposed that

(1) children's thinking is 'qualitatively' different from adults.
(2) children have a lot of potential which includes tasks they can do with the others' support.
(3) children are born 'unruly' and society needs to teach them social behaviours.
(4) children's thinking is 'quantitatively' different from adults.

लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया था कि

(1) बच्चों की सोच वयस्कों से 'गुणात्मक रूप से' भिन्न होती है।
(2) बच्चों में बहुत क्षमता होती है जिसमें वे कार्य भी शामिल होते हैं जिन्हें वे दूसरों के सहयोग से कर सकते हैं।
(3) बच्चे 'अनियंत्रित' पैदा होते हैं और समाज को उन्हें सामाजिक व्यवहार सिखाने की जरूरत है।
(4) बच्चों की सोच वयस्कों से 'मात्रात्मक रूप से' भिन्न होती है।

24. Read the following statements :

Assertion (A) : The purpose of administering intelligence tests and extended observation should be to compare children in specific domains and abilities.

Reason (R) : Intelligence is an innate ability and cannot be nurtured.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.

(2) Both A and R are false.

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : बुद्धि परीक्षण और विस्तारित अवलोकन के संचालन का उद्देश्य बच्चों की विशिष्ट आयाम और क्षमताओं में तुलना करना होना चाहिए।

कारण (R) : बुद्धिमत्ता एक जन्मजात क्षमता है और इसे पोषित नहीं किया जा सकता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।

(2) A और R दोनों गलत हैं।

(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

25. A teacher who consciously takes examples of scientists of all genders in her middle school classroom is trying to—

(1) enable gender identity.

(2) construct gender constancy.

(3) break gender stereotypes.

(4) reinforce gender discrimination.

एक शिक्षिका, जो अपने माध्यमिक स्कूल की कक्षा में सचेत रूप से सभी जेंडर के वैज्ञानिकों के उदाहरण लेती है, कोशिश कर रही है कि वे

(1) जेंडर पहचान को सक्षम करे।

(2) जेंडर स्थिरता का निर्माण करे।

(3) जेंडर रूढ़ियों को तोड़े।

(4) जेंडर भेदभाव को मजबूत करे।

465516035516034655

26. Read the following statements :

Assertion (A) : All girls are hardworking and sincere while boys are intelligent and dominating.

Reason (R) : Two distinctive biological brains produce all differences in physical and cognitive skills as well as personalities and temperament in girls and boys.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false.

(2) Both A and R are false.

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : सभी लड़कियाँ मेहनती और ईमानदार होती हैं जबकि लड़के बुद्धिमान और रोबदार होते हैं।

कारण (R) : दो विशिष्ट जैविक मस्तिष्क लड़कियों और लड़कों में शारीरिक और संज्ञानात्मक कौशल के साथ-साथ व्यक्तित्व और स्वभाव में सभी मतभेदों का उत्पादन करते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन R गलत है।

(2) A और R दोनों गलत हैं।

(3) A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

(4) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की R सही व्याख्या नहीं करता है।

7. Individual differences in learning preferences of students should be seen as—

(1) developmental deficits among some children.

(2) normal depiction of diversity.

(3) abnormal parameter of their differing IQ levels.

(4) cognitive abnormality among some children.

विद्यार्थियों के सीखने की प्राथमिकताओं में व्यक्तिगत भिन्नताओं को किस रूप में देखा जाना चाहिए?

(1) कुछ बच्चों में विकासात्मक कमियाँ

(2) विविधता का सामान्य चित्रण

(3) उनके अलग-अलग बुद्धि-लब्धि स्तरों का असामान्य मापदंड

(4) कुछ बच्चों में संज्ञानात्मक असामान्यता

28. The kind of assessment in which a student's scores are compared with the average performance of other students is called

(1) norm-referenced.
(2) self-referenced.
(3) criteria-referenced.
(4) format-referenced.

वह आकलन, जो किसी विद्यार्थी के प्राप्त अंकों को अन्य विद्यार्थियों के औसत प्रदर्शन से तुलना करने के लिए किया जाता है, कहलाता है।

(1) मानक-संदर्भित
(2) आत्म-संदर्भित
(3) मापदंड-संदर्भित
(4) प्रारूप-संदर्भित

29. Which of the following statements about classroom assessment are correct?

(i) Assessments should influence the students' cognitive processes while they study.
(ii) Assessments should serve as learning experiences in themselves.
(iii) Assessments should create fear and stress among students to get them to learn.
(iv) Assessments should be standardized and norm-referenced.

Choose the correct option.

(1) (ii), (iii), (iv)
(2) (i), (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iii)
(4) (i), (ii)

कक्षा आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

(i) आकलन को छात्रों की अध्ययन करते समय संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को प्रभावित करना चाहिए।
(ii) आकलन को अपने आप में सीखने के अनुभव के रूप में काम करना चाहिए।
(iii) आकलन को छात्रों को सीखने के लिए डर और तनाव पैदा करना चाहिए।
(iv) आकलन मानकीकृत और मानक-संदर्भित होने चाहिए।

सही विकल्प चुनिए।

(1) (ii), (iii), (iv)
(2) (i), (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iii)
(4) (i), (ii)

30. Which of the following questions would promote higher-order critical and analytical thinking skills among the students?

(1) Read the newspaper articles and make a list of new words.
(2) Read the newspaper article and think of a suitable title.
(3) Identify the assumptions underlying two newspaper articles depicting the same event.
(4) Identify the nouns mentioned in a specific newspaper article.

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों के उच्च-स्तरीय आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक चिंतन कौशल को बढ़ावा देगा?

(1) अखबारों के लेख पढ़ें और नए शब्दों की सूची बनाएँ।
(2) अखबार का लेख पढ़ें और एक उपयुक्त शीर्षक के बारे में सोचें।
(3) एक ही घटना को दर्शाने वाले दो अखबारों के लेखों में निहित मान्यताओं की पहचान करें।
(4) एक विशिष्ट अखबार के लेख में उल्लिखित संज्ञाओं को पहचानें।

## IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण

Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies/Social Science).

परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या **31** से **90** **या तो** भाग—II (गणित व विज्ञान) **या** भाग—III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।

## PART—II / भाग—II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Direction*** : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

*निर्देश* : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** If $\frac{7x-1}{4}-\frac{1}{3}\left(2x-\frac{1-x}{2}\right)=\frac{10}{3}$, then what is the value of $\frac{11x+21}{2}$?

(1) 31 (2) 32 (3) 27 (4) 29

यदि $\frac{7x-1}{4}-\frac{1}{3}\left(2x-\frac{1-x}{2}\right)=\frac{10}{3}$ है, तो $\frac{11x+21}{2}$ का मान क्या है?

(1) 31 (2) 32 (3) 27 (4) 29

**32.** One of the factors of $5(2x-4y)+6(4x^2+16y^2-16xy)-6$ is :

(1) $3x-6y+1$ (2) $3x-6y-1$ (3) $2x-4y-3$ (4) $4x-8y+3$

$5(2x-4y)+6(4x^2+16y^2-16xy)-6$ का एक गुणनखंड है :

(1) $3x-6y+1$ (2) $3x-6y-1$ (3) $2x-4y-3$ (4) $4x-8y+3$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**33.** A shopkeeper buys a fan for ₹ 1,500 and marks it for ₹ 2,500. He sells it after giving discount of 20% on its marked price and an additional discount of ₹ 250 on cash paymen If a customer buys it on cash payment, then what is the profit (in ₹) earned by th shopkeeper?

(1) 250 (2) 300 (3) 200 (4) 225

कोई दुकानदार एक पंखे को ₹ 1,500 पर खरीदता है और इस पर ₹ 2,500 मूल्य अंकित करता है। वह इस पंखे को इसके अंकि मूल्य पर 20% की छूट देकर बेचता है और साथ ही नकद भुगतान पर ₹ 250 की एक अतिरिक्त छूट भी देता है। यदि कोई ग्राह पंखे को नकद भुगतान करके खरीदता है, तो दुकानदार को कितना लाभ (₹ में) हुआ?

(1) 250 (2) 300 (3) 200 (4) 225

**34.** When $x$ is added to each of the numbers 4, 10, 12 and 24, then the numbers so obtained in this order are in proportion. What is the value of $(3x+1)$?

(1) 16 (2) 19 (3) 10 (4) 13

जब संख्याओं 4, 10, 12 और 24 में से प्रत्येक में $x$ जोड़ा जाता है, तब इस क्रम में प्राप्त परिणामी संख्याएँ समानुपाती हो जाती हैं। $(3x+1)$ का मान क्या है?

(1) 16 (2) 19 (3) 10 (4) 13

**35.** If $(3x-30°)$ and $(2x+20°)$ are two supplementary angles, then the value of $(2x-4°)$ is :

(1) 80° (2) 84° (3) 72° (4) 76°

यदि $(3x-30°)$ और $(2x+20°)$ दो संपूरक कोण हैं, तो $(2x-4°)$ का मान है :

(1) 80° (2) 84° (3) 72° (4) 76°

**36.** Angles $P$ and $Q$ of a triangle $PQR$ are respectively 30° and 50°. If the bisectors of angles $P$ and $Q$ meet at a point $O$, then the value of $(2\angle POQ-10°)$ is :

(1) 270° (2) 250° (3) 150° (4) 190°

किसी त्रिभुज $PQR$ के कोण $P$ और $Q$ क्रमशः 30° और 50° हैं। यदि कोणों $P$ और $Q$ के समद्विभाजक एक बिंदु $O$ पर मिलते हैं, तो $(2\angle POQ-10°)$ का मान है :

(1) 270° (2) 250° (3) 150° (4) 190°

**37.** Which of the following measurements (in cm) ***cannot*** form the sides of a right triangle?

(1) 4·5, 6, 7·5 (2) 8, 16, 12 (3) 2·5, 6·5, 6 (4) 12, 16, 20

निम्न मापनों (cm में) में से किनसे एक समकोण त्रिभुज की भुजाएँ **नहीं** बन सकती हैं?

(1) 4·5, 6, 7·5 (2) 8, 16, 12 (3) 2·5, 6·5, 6 (4) 12, 16, 20

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

64 144 2500 x 80/100 2000 1750

**38.** Which of the following letters does ***not*** have rotational symmetry?

(1) E (2) N (3) H (4) O

निम्न में से किस अक्षर में घूर्णन सममिति **नहीं** है?

(1) E (2) N (3) H (4) O

**39.** Diagonals $PR$ and $QS$ of a parallelogram $PQRS$ intersect at point $O$. If $OP = (x+y)$ cm, $OQ = 20$ cm, $OR = 16$ cm and $OS = (y+7)$ cm, then the value of $(7x - y)$ (in cm) is :

(1) 9 (2) 13 (3) 6 (4) 8

किसी समांतर-चतुर्भुज $PQRS$ के विकर्ण $PR$ और $QS$ बिंदु $O$ पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि $OP = (x+y)$ cm, $OQ = 20$ cm, $OR = 16$ cm और $OS = (y+7)$ cm हैं, तो $(7x - y)$ का मान (cm में) है :

(1) 9 (2) 13 (3) 6 (4) 8

**40.** The perimeter and area of a trapezium are respectively 52 cm and 128 $cm^2$. If the sum of its non-parallel sides is 20 cm, then the distance between its parallel sides is :

(1) 10 cm (2) 12 cm (3) 6 cm (4) 8 cm

किसी समलंब के परिमाप और क्षेत्रफल क्रमशः 52 cm और 128 $cm^2$ हैं। यदि इसकी असमांतर भुजाओं का योग 20 cm है, तो इसकी समांतर भुजाओं के बीच की दूरी है :

(1) 10 cm (2) 12 cm (3) 6 cm (4) 8 cm

**41.** The area of a rectangular field is 48 $m^2$ and one of its sides is 6 m. How long will a person take to cross this field diagonally at a speed of 20 m per minute?

(1) 30 seconds (2) 40 seconds (3) 15 seconds (4) 20 seconds

किसी आयताकार खेत का क्षेत्रफल 48 $m^2$ है तथा इसकी एक भुजा 6 m है। किसी व्यक्ति को 20 m प्रति मिनट की चाल से इस खेत को विकर्णतः पार करने में कितना समय लगेगा?

(1) 30 सेकंड (2) 40 सेकंड (3) 15 सेकंड (4) 20 सेकंड

**42.** Three metallic solid cubes of sides 8 cm, 6 cm and 10 cm are melted to form a single solid cube. The side of the new cube so formed is :

(1) 18 cm (2) 12 cm (3) 24 cm (4) 20 cm

भुजाओं 8 cm, 6 cm और 10 cm वाले तीन धातुओं के ठोस घनों को पिघलाकर एक अकेला ठोस घन बनाया गया है। इस प्रकार बने नए घन की भुजा है :

(1) 18 cm (2) 12 cm (3) 24 cm (4) 20 cm

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

13 16

6 × 8 100

480

10

43. The mean of the median and mode of the observations 30, 61, 55, 56, 60, 20, 26, 45, 28 and 56 is

(1) 55 (2) 56 (3) 52 (4) 53

प्रेक्षणों 30, 61, 55, 56, 60, 20, 26, 45, 28 और 56 के माध्यक तथा बहुलक का माध्य है

(1) 55 (2) 56 (3) 52 (4) 53

44. A card is drawn from a well-shuffled deck of playing cards. What is the probability that the card drawn is a 10 or a red king?

(1) $\frac{3}{26}$ (2) $\frac{2}{13}$ (3) $\frac{1}{26}$ (4) $\frac{1}{13}$

अच्छी प्रकार से फेंटी गई ताशों की एक गड्डी में से एक कार्ड निकाला जाता है। निकाले गए कार्ड की एक 10 या एक लाल बादशाह होने की प्रायिकता क्या है?

(1) $\frac{3}{26}$ (2) $\frac{2}{13}$ (3) $\frac{1}{26}$ (4) $\frac{1}{13}$

45. The greatest number that divides 87 and 123 leaving respectively 7 and 3 as remainders is :

(1) 40 (2) 80 (3) 20 (4) 36

वह सबसे बड़ी संख्या, जिससे 87 और 123 को भाग देने पर क्रमशः 7 और 3 शेष बचे, है :

(1) 40 (2) 80 (3) 20 (4) 36

46. The value of $0{\cdot}\overline{4}+0{\cdot}\overline{6}$ is :

(1) $1\frac{2}{9}$ (2) $1\frac{1}{10}$ (3) 1 (4) $1\frac{1}{9}$

$0{\cdot}\overline{4}+0{\cdot}\overline{6}$ का मान है :

(1) $1\frac{2}{9}$ (2) $1\frac{1}{10}$ (3) 1 (4) $1\frac{1}{9}$

47. The difference between the largest and smallest fractions among $\frac{4}{7}$, $\frac{9}{16}$, $1\frac{2}{7}$ and $\frac{3}{5}$ is :

(1) $\frac{25}{28}$ (2) $\frac{31}{56}$ (3) $\frac{2}{7}$ (4) $\frac{81}{112}$

$\frac{4}{7}$, $\frac{9}{16}$, $1\frac{2}{7}$ और $\frac{3}{5}$ में सबसे बड़ी और सबसे छोटी भिन्नों का अंतर है :

(1) $\frac{25}{28}$ (2) $\frac{31}{56}$ (3) $\frac{2}{7}$ (4) $\frac{81}{112}$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

0.57 0.56 1.2 0.6

$\frac{9}{16} - \frac{9}{7}$ 1. $\frac{63-144}{112}$ 20 26 28 30 45 55 56 56 61 60

48. The digit at units place of the square of a number is 2 more than the digit at units place of that number. Which of the following ***cannot*** be the digit at units place of the square of that number?

(1) 6 (2) 9 (3) 4 (4) 5

किसी संख्या के वर्ग की इकाई का अंक उस संख्या के इकाई के अंक से 2 अधिक है। निम्न में से कौन-सा अंक उस संख्या के वर्ग की इकाई का अंक **नहीं** हो सकता है?

(1) 6 (2) 9 (3) 4 (4) 5

49. If

$$\begin{array}{r} 2\,A \\ \times A \\ \hline B\,2\,A \\ \hline \end{array}$$

where $A$ and $B$ are digits, then

(1) $A=1,\ B=5$ (2) $A=5,\ B=1$ (3) $A=6,\ B=1$ (4) $A=1,\ B=6$

यदि

$$\begin{array}{r} 2\,A \\ \times A \\ \hline B\,2\,A \\ \hline \end{array}$$

है, जहाँ $A$ और $B$ अंक हैं, तो

(1) $A=1,\ B=5$ (2) $A=5,\ B=1$ (3) $A=6,\ B=1$ (4) $A=1,\ B=6$

50. If $a-b=\frac{11}{5}$ and $ab=\frac{3}{4}$, then one of the values of $(a+b)$ is :

(1) $3\frac{1}{5}$ (2) $3\frac{2}{5}$ (3) $2\frac{3}{5}$ (4) $2\frac{4}{5}$

यदि $a-b=\frac{11}{5}$ और $ab=\frac{3}{4}$ हैं, तो $(a+b)$ का एक मान है :

(1) $3\frac{1}{5}$ (2) $3\frac{2}{5}$ (3) $2\frac{3}{5}$ (4) $2\frac{4}{5}$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**51.** When asked to arrange the decimal numbers 1·5, 0·23, 1·6, 0·034, 1·13 in ascending order one of the students arranged them as 0·23, 0·034, 1·5, 1·6, 1·13. Which among the following is most appropriate for the response of the student?

(1) Teacher should ask the student to recall the rules of ordering decimal numbers and then arrange them

(2) The student has developed a misconception of considering that decimal number as bigger number which has more digits in decimal part

(3) The student has arranged the decimal numbers in the correct order

(4) The student has made a careless mistake by arranging the decimal numbers in descending order

जब दशमलव संख्याओं 1·5, 0·23, 1·6, 0·034, 1·13 को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने के लिए कहा गया, तब एक विद्यार्थी ने इन्हें इस प्रकार व्यवस्थित किया—0·23, 0·034, 1·5, 1·6, 1·13. विद्यार्थी द्वारा दिए गए उत्तर के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे उपयुक्त है?

(1) शिक्षिका को विद्यार्थी को दशमलव संख्याओं को क्रमबद्ध करने के नियमों को प्रत्यास्मरण करने और तत्पश्चात् उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कहना चाहिए

(2) विद्यार्थी में उस दशमलव संख्या को बड़ा मानने की एक भ्रांति विकसित हो गई है जिसमें दशमलव भाग में अधिक अंक हों

(3) विद्यार्थी ने दशमलव संख्याओं को सही क्रम में व्यवस्थित किया है

(4) विद्यार्थी ने दशमलव संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करके असावधानीवश एक त्रुटि की है

**52.** A teacher asked the children to cut out six squares of 'one' unit each and then asked, "How many different shapes can you make using these squares? Which shape formed would have the maximum perimeter?" The least appropriate objective of this activity is

(1) to assess children's learning about area and perimeter

(2) to apply the formulae learnt in a new context

(3) to engage children in group work

(4) to provide opportunities for developing creativity and analytical skills

एक शिक्षक ने बच्चों को 'एक-एक' इकाई के छः वर्ग काटने को कहा और फिर पूछा, ''इन वर्गों का उपयोग करके आप और कितनी विभिन्न आकृतियाँ बना सकते हो? सबसे अधिक परिमाप वाली कौन-सी आकृति बनेगी?'' इस क्रियाकलाप का सबसे कम उपयुक्त उद्देश्य है

(1) बच्चों के क्षेत्रफल और परिमाप के अधिगम का आकलन करना

(2) याद किए हुए सूत्रों को एक नए संदर्भ में लागू करना

(3) बच्चों को सामूहिक कार्य में संलग्न रखना

(4) सृजनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

53. A child solved an equation $x+7=15$ as

$$x+7-7=15$$
$$x=15$$

The best remedial strategy for this child is

(1) explain the concept of equality using alternate methods

(2) ask the child to solve the same equation on the blackboard

(3) give a lot of problems on solving equations to the child

(4) explain problems in simple language to the child

एक बच्चा एक समीकरण $x+7=15$ का हल इस प्रकार करता है :

$$x+7-7=15$$
$$x=15$$

उस बच्चे के लिए सर्वोत्तम उपचारात्मक कार्यनीति है

(1) वैकल्पिक विधि का उपयोग करते हुए समता की अवधारणा की व्याख्या करें

(2) श्यामपट्ट पर उसी समीकरण को हल करने के लिए बच्चे से कहें

(3) बच्चे को समीकरण हल करने वाले बहुत सारे सवाल दें

(4) बच्चे को सवाल सरल भाषा में समझाएँ

54. According to the National Curriculum Framework, 2005, what are the important skills to be developed among learners while teaching arithmetic and algebra?

A. Looking for patterns in the relationships

B. Memorizing algebraic identities

C. Seeing relationship between numbers

D. Rigorous practice of writing algebraic notation

Choose the correct option.

(1) B and C
(2) B and D
(3) A, B and D
(4) A and C

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, अंकगणित और बीजगणित के शिक्षण के दौरान शिक्षार्थियों में कौन-से महत्त्वपूर्ण कौशल विकसित किए जाने चाहिए?

A. संबंधों में पैटर्न खोजना

B. बीजगणितीय सर्वसमिकाओं को याद करना

C. संख्याओं के मध्य संबंध देखना

D. बीजगणितीय संकेतनों को लिखने का गहन अभ्यास करना

सही विकल्प चुनिए।

(1) B और C
(2) B और D
(3) A, B और D
(4) A और C

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

4655603 4655603

**55.** After teaching 'shapes' in Class VIII, a teacher planned a trip to historical places. Which of th following is the most appropriate reason for this?

(1) Shapes are an integral part of any architecture and such trips encourage connectio across the disciplines

(2) It would be a break from the routine teaching of mathematics class and an opportunity t improve students' communication skill

(3) Field trips are the recommendations of CBSE

(4) Teacher has completed most of the syllabus, so she planned the field trip just to have fun

कक्षा VIII में 'आकृतियाँ' पढ़ाने के बाद एक शिक्षिका ने ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा की योजना बनाई। निम्नलिखित में से कौन-स इसके लिए सबसे उपयुक्त कारण है?

(1) आकृति वास्तुकला का एक अभिन्न अंग है और इस तरह की यात्राएँ विभिन्न विषयों में संबंधों को बढ़ाती हैं

(2) यह गणित की कक्षा के नियमित शिक्षण से विराम होगा और विद्यार्थियों के संचार कौशल में सुधार करने का अवसर होगा

(3) क्षेत्र यात्राएँ सी॰ बी॰ एस॰ ई॰ की सिफारिश हैं

(4) शिक्षिका ने अधिकतर पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और इसलिए मजे के लिए उसने क्षेत्र यात्रा की योजना बनाई है

**56.** Uma, a mathematics teacher, asked a student, "How many edges are there in a cylinder?" The student answered, "Two". Uma should

(1) draw picture of the cylinder on the blackboard and show the edges

(2) give cylinder in the hands of that student and ask the question again

(3) give punishment to the student for wrong answer

(4) praise the student for correct answer

गणित की एक शिक्षिका उमा ने एक विद्यार्थी से पूछा, ''बेलन के कितने किनारे होते हैं?'' विद्यार्थी ने उत्तर दिया, ''दो''। उमा को चाहिए कि वह

(1) बेलन की आकृति श्यामपट्ट पर बनाए और उसमें किनारे दर्शाए

(2) विद्यार्थी के हाथों में बेलन दे और प्रश्न दुबारा पूछे

(3) विद्यार्थी को गलत उत्तर के लिए दंडित करे

(4) सही उत्तर के लिए विद्यार्थी की प्रशंसा करे

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

4656517608

57. A teacher gives an image drawn on a square grid to children and asks them to draw its enlarged and reduced size images. Which of the following would ***not*** be an objective of doing this exercise in a mathematics classroom?

(1) To provide scope for integrating arithmetic and geometry

(2) To introduce the concept of congruency and similarity

(3) To apply the concept of ratio and proportion in different situations

(4) To provide practice for application of fractions

एक शिक्षक बच्चों को एक वर्गाकार ग्रिड पर बनी हुई छवि देते हैं और कहते हैं इसकी बड़ी और छोटी पार्श्व छवियाँ बनाएँ। निम्नलिखित में से कौन-सा गणित की कक्षा में यह क्रियाकलाप कराने का एक उद्देश्य **नहीं** होगा?

(1) अंकगणित और ज्यामिति को एकीकृत करने के अवसर प्रदान करने के लिए

(2) सर्वांगसमता और समानता की अवधारणा का परिचय देने के लिए

(3) विभिन्न परिस्थितियों में अनुपात और समानुपात की अवधारणा को लागू करने के लिए

(4) भिन्नों के अनुप्रयोगों का अभ्यास प्रदान करने के लिए

Closed-ended questions in mathematics do ***not*** promote :

A. Divergent thinking

B. Convergent thinking

C. Creativity

D. Higher-order thinking skills

Choose the correct option.

(1) B, C and D

(2) A, C and D

(3) A and B

(4) A, B and C

गणित में बंद सिरे वाले प्रश्न निम्नलिखित में से किन्हें बढ़ावा **नहीं** देते?

A. अपसारी चिंतन

B. अभिसारी चिंतन

C. रचनात्मकता

D. उच्च-स्तरीय चिंतन कौशल

सही विकल्प चुनिए।

(1) B, C और D

(2) A, C और D

(3) A और B

(4) A, B और C

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**59.** Which of the following should ***not*** be a part of assessment of students in mathematics?

(1) Recalling the definitions of mathematical terms

(2) Use abstractions to perceive mathematical relationships

(3) Apply mathematical concepts learnt to solve problems related to daily life situations

(4) Reason out mathematical facts

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में विद्यार्थियों के आकलन का हिस्सा **नहीं** होना चाहिए?

(1) गणितीय पदों की परिभाषाओं का प्रत्यास्मरण करना

(2) गणितीय संबंधों को अमूर्तन के प्रयोग से समझना

(3) दैनिक जीवन की परिस्थितियों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए सीखी गई गणितीय अवधारणाओं का प्रयोग करना

(4) गणितीय तथ्यों का कारण देना

**60.** _____ was the first Indian mathematician who explained that the square root of a negativ number does not exist.

(1) Aryabhatta

(2) Ramanujan

(3) Mahavira

(4) Baudhayana

_____ पहले भारतीय गणितज्ञ थे, जिन्होंने व्याख्या की कि एक ऋणात्मक संख्या का वर्गमूल नहीं होता।

(1) आर्यभट्ट

(2) रामानुजन

(3) महावीर

(4) बौधायन

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

4655 1603

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.
**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**61.** Read the following statements :

Assertion (A) : Sewage treatment is essential to prevent diseases and deaths.

Reason (R) : Sewage is a solid waste which causes water pollution and soil pollution.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false
(2) A is false but R is true
(3) Both A and R are true and R is the correct reason for A
(4) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : रोगों एवं मृत्यु की रोकथाम हेतु मलजल (गंदा पानी) का उपचार अनिवार्य है।

कारण (R) : मलजल (गंदा पानी) एक ठोस अपशिष्ट है, जो जल प्रदूषण और मृदा प्रदूषण का कारण है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सत्य है किन्तु R असत्य है
(2) A असत्य है किन्तु R सत्य है
(3) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही कारण है
(4) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु R, A का सही कारण नहीं है

**62.** Read the following statements :

A : Spiracles and stomata are pores through which insects and leaves exchange gases respectively.

B : Spiracles in an insect are more in number as compared to stomata in a leaf.

C : Both stomata and spiracles are present on the lower surface of leaves and insect's body respectively.

Choose the correct option.

(1) A and C are true
(2) Only A is true
(3) A and B are true
(4) B and C are true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A : श्वासरंध्र और रंध्र छिद्र होते हैं जिनके माध्यम से क्रमशः कीट और पर्ण (पत्ते) गैसों का विनिमय (आदान-प्रदान) करते हैं।

B : किसी पर्ण (पत्ते) में रंध्रों की संख्या श्वासरंध्रों की अपेक्षा एक कीट में श्वासरंध्रों की संख्या अधिक होती है।

C : रंध्र और श्वासरंध्र दोनों ही क्रमशः पर्णों और कीटों के शरीर के निम्न पृष्ठ पर विद्यमान होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C सत्य हैं
(2) केवल A सत्य है
(3) A और B सत्य हैं
(4) B और C सत्य हैं

**63.** Fill in the blanks with the correct answer :

__A__ pushes the blood into pulmonary artery. __B__ take deoxygenated blood from the heart to the lungs. __C__ return oxygenated blood from the lungs to the heart. From the left atrium, blood flows to the __D__. __E__ receives blood from different parts of the body.

(1) *A*—Right ventricle; *B*—Pulmonary arteries; *C*—Pulmonary veins; *D*—left ventricle; *E*—Right auricle

(2) *A*—Right ventricle; *B*—Pulmonary veins; *C*—Pulmonary arteries; *D*—left ventricle; *E*—Right auricle

(3) *A*—Left ventricle; *B*—Pulmonary veins; *C*—Pulmonary arteries; *D*—right auricle; *E*—Right ventricle

(4) *A*—Left ventricle; *B*—Pulmonary arteries; *C*—Pulmonary veins; *D*—right auricle; *E*—Right ventricle

रिक्त स्थानों को सही उत्तर से भरिए :

__A__ रुधिर को फुफ्फुस धमनी में ढकेलता है। __B__ विऑक्सीजनित रुधिर को हृदय से फेफड़ों तक ले जाती है। __C__ ऑक्सीजनित रुधिर को वापस फेफड़ों से हृदय तक ले जाती है। वाम अलिंद से रुधिर __D__ तक प्रवाहित होता है। __E__ शरीर के विभिन्न अंगों से रुधिर प्राप्त करता है।

(1) *A*—दक्षिण निलय; *B*—फुफ्फुस धमनियाँ; *C*—फुफ्फुस शिराएँ; *D*—वाम निलय; *E*—दक्षिण अलिंद

(2) *A*—दक्षिण निलय; *B*—फुफ्फुस शिराएँ; *C*—फुफ्फुस धमनियाँ; *D*—वाम निलय; *E*—दक्षिण अलिंद

(3) *A*—वाम निलय; *B*—फुफ्फुस शिराएँ; *C*—फुफ्फुस धमनियाँ; *D*—दक्षिण अलिंद; *E*—दक्षिण निलय

(4) *A*—वाम निलय; *B*—फुफ्फुस धमनियाँ; *C*—फुफ्फुस शिराएँ; *D*—दक्षिण अलिंद; *E*—दक्षिण निलय

**64.** Read the following statements :

Assertion (A) : Hypotheses become theories which in turn become laws.

Reason (R) : Scientific laws such as law of gravitation are absolute.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false

(2) Both A and R are false

(3) Both A and R are true and R is the correct reason for A

(4) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : परिकल्पनाएँ सिद्धांत बनती हैं जो कि बाद में नियम बनते हैं।

कारण (R) : गुरुत्वाकर्षण के नियम जैसे वैज्ञानिक नियम निरपेक्ष होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सत्य है किन्तु R असत्य है

(2) A और R दोनों असत्य हैं

(3) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही कारण है

(4) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु R, A का सही कारण नहीं है

**65.** Sheena writes the following statements in her notebook :

$A_1$ : Cactus is a desert plant.

$A_2$ : A desert plant has very small-sized leaves.

$A_3$ : Small-sized leaves help in reducing loss of water.

Which of the following is true about $A_1$, $A_2$ and $A_3$ respectively?

(1) Observation, Hypothesis, Inference
(2) Observation, Observation, Inference
(3) Inference, Observation, Hypothesis
(4) Inference, Inference, Inference

शीना अपनी नोटबुक में निम्नलिखित कथन लिखती है :

$A_1$ : कैक्टस मरुस्थलीय पादप (पौधा) है।

$A_2$ : मरुस्थलीय पादप (पौधे) के अति छोटे (लघु) आकार के पर्ण होते हैं।

$A_3$ : छोटे (लघु) आकार के पर्ण जल की क्षति को घटाने में सहायता करते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा क्रमशः $A_1$, $A_2$ और $A_3$ के संबंध में सही है?

(1) अवलोकन, परिकल्पना, अनुमान
(2) अवलोकन, अवलोकन, अनुमान
(3) अनुमान, अवलोकन, परिकल्पना
(4) अनुमान, अनुमान, अनुमान

**66.** Which of the following ***cannot*** be regarded as a 'testable question'?

(1) When will fossil fuels run out?
(2) What does an earthworm eat?
(3) What is the effect of cigarette smoke on lungs?
(4) How does flu effect human immune system?

निम्नलिखित में से किसे एक 'परीक्षणीय प्रश्न' के रूप में **नहीं** माना जा सकता है?

(1) जीवाष्म ईंधन कब खत्म हो जाएँगे?
(2) केंचुआ क्या खाता है?
(3) सिगरेट के धुएँ का फेफड़ों पर क्या प्रभाव होता (पड़ता) है?
(4) फ्लू मानव प्रतिरक्षा प्रणाली पर कैसे प्रभाव डालता है?

**67.** Read the excerpt given below :

A teacher arranged a fun trip to Qutub Minar for her learners. The learners saw the iron pillar in the Qutub complex. The teacher asked the learners to note down the details displayed about the pillar that is 1600 years old and rust-resistant. She also asked them to write those iron items in their house, which are being used regularly and are rusted and think of causes of rusting and ways to prevent rusting.

Which of the following process skills are being developed through the above-mentioned activity?

(1) Inference, classification, observation
(2) Classification, observation, hypothesis
(3) Measurement, classification, inference
(4) Classification, observation, measurement

नीचे दिया गया उद्धरण पढ़िए :

एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के लिए कुतुब मीनार के आमोद-प्रमोद भ्रमण की व्यवस्था करती है। विद्यार्थियों ने कुतुब परिसर में लोहे का स्तंभ (पिलर) देखा। शिक्षिका ने विद्यार्थियों को स्तंभ के बारे में प्रदर्शित विवरणों को लिखने के लिए कहा जो 1600 वर्ष पुराना है और जंग-प्रतिरोधी है। वह उन्हें अपने घर के लोहे की उन वस्तुओं को लिखने को भी कहती है जो कि नियमित रूप से इस्तेमाल होती हैं तथा जिनमें जंग लगी हुई है और जंग लगने के कारण और उससे रोकथाम के तरीके सोचने के लिए कहती है।

उपर्युक्त गतिविधि से निम्नलिखित में से कौन-से प्रक्रिया कौशल विकसित हो रहे हैं?

(1) अनुमान, वर्गीकरण, अवलोकन
(2) वर्गीकरण, अवलोकन, परिकल्पना
(3) मापन, वर्गीकरण, अनुमान
(4) वर्गीकरण, अवलोकन, मापन

**68.** Which of the following does ***not*** satisfy 'process validity' of science curriculum recommended by the National Curriculum Framework, 2005?

(1) Students involved in developing hypothesis for germination of seeds kept in a dry cotton cloth and moist cotton

(2) Students involved in making a list of elements given in the periodic table

(3) Students investigating the acidity and basicity of different household items

(4) Students discussing the possible outcomes of connecting a piece of rubber, hairpin and lead to two open ends of an electric circuit

निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 द्वारा जिस प्रकार प्रस्तावित है, उस प्रकार से विज्ञान पाठ्यचर्या 'प्रक्रिया वैधता' को पूरा **नहीं** करता है?

(1) विद्यार्थी सूखे सूती कपड़े और आर्द्र रुई में रखे बीजों के अंकुरण के लिए परिकल्पना को विकसित करने में संलिप्त हैं

(2) विद्यार्थी आवर्त सारणी में दिए गए तत्त्वों की सूची बनाने में संलिप्त हैं

(3) विद्यार्थी विभिन्न घरेलू सामानों की अम्लता और क्षारकता की जाँच (अन्वेषण) कर रहे हैं

(4) विद्यार्थी विद्युत् परिपथ के दो खुले सिरों से रबर का एक टुकड़ा, बालों की पिन और सीसा जोड़ने के संभावित प्रतिफलों की चर्चा कर रहे हैं

**69.** The science textbooks often include interesting anecdotes from the past. One such story is that of accidental discovery of silk in China and the role of travellers and traders in introducing silk to the rest of the world through the 'Silk Route'.

What objectives of science teaching-learning are being fulfilled by including the above in the textbook?

A. To develop an understanding of nature of science

B. To develop a historical perspective

C. To develop an appreciation of how science is socially and culturally embedded

D. To reduce the burden of science content by including fun stories

Choose the correct option.

(1) A, B and C
(2) A, B and D
(3) A, C and D
(4) B, C and D

विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में प्रायः ही अतीत के रुचिकर उपाख्यान शामिल होते हैं। ऐसी ही एक कहानी है चीन में रेशम की आकस्मिक खोज की तथा 'सिल्क रूट (रेशम मार्ग)' के माध्यम से बाकी दुनिया का रेशम से परिचय कराने में यात्रियों एवं व्यापारियों की भूमिका की।

उपर्युक्त को पाठ्यपुस्तक में शामिल करने के द्वारा विज्ञान शिक्षण-अधिगम के कौन-से लक्ष्य पूर्ण हो रहे हैं?

A. विज्ञान की प्रकृति की समझ को विकसित करने का

B. ऐतिहासिक दृष्टिकोण विकसित करने का

C. इसकी सराहना विकसित करने की कि कैसे विज्ञान सामाजिक तथा सांस्कृतिक रूप से सन्निहित (अंतःस्थापित) है

D. आनंदमयी कहानियों को शामिल करने के द्वारा विज्ञान विषय-वस्तु का बोझ कम करने का

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, B और C
(2) A, B और D
(3) A, C और D
(4) B, C और D

70. Which of the following tasks would ***not*** contribute to developing scientific temper among students?

(1) Reading out the tenets of nature of science

(2) Encouraging the students to ask questions

(3) Providing hands-on experiences to students

(4) Emphasizing the historical aspects of the development of scientific concepts

निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करने में योगदान **नहीं** करेगा?

(1) विज्ञान की प्रकृति के सिद्धांतों (मतों) को पढ़ना

(2) प्रश्न पूछने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करना

(3) विद्यार्थियों को तात्कालिक (प्रत्यक्ष) अनुभव प्रदान करना

(4) वैज्ञानिक अवधारणाओं के विकास के ऐतिहासिक पक्षों पर बल देना

71. Which of the following is the most appropriate strategy to introduce physical properties of metals and non-metals to Grade VII learners as per the inquiry-based approach?

(1) Define the terms 'sonorous', 'boiling point' and 'melting point'

(2) Give a set of materials to students and ask them to deduce the properties of metals and non-metals

(3) List the differences between the physical properties of metals and non-metals on the blackboard

(4) Initiate a discussion on students' everyday experiences of using metallic and non-metallic substances

कक्षा VII के विद्यार्थियों को धातुओं एवं अधातुओं के भौतिक गुणों से परिचित कराने के लिए जाँच-पड़ताल-उन्मुख उपागम के अनुसार सर्वाधिक उपयुक्त रणनीति निम्नलिखित में से कौन-सी है?

(1) 'गुंजायमान', 'क्थनांक' और 'गलनांक' शब्दों के अर्थ की व्याख्या करना

(2) विद्यार्थियों को सामग्री का एक समुच्चय देना तथा उन्हें धातुओं और अधातुओं के गुणों का निगमन करने के लिए कहना

(3) श्यामपट्ट पर धातुओं और अधातुओं के भौतिक गुणों के बीच के अंतरों को सूचीबद्ध करना

(4) धात्विक और अधात्विक पदार्थों का प्रयोग करने के विद्यार्थियों के दैनिक अनुभवों पर परिचर्चा करने की पहल करना

**72.** Read the following statements :

$S_1$ : Systematic experimentation needs to be introduced in upper primary stage to ve theoretical principles.

$S_2$ : Activities and experimental evidence play an important role in understanding nat of science.

$S_3$ : Most concepts should be arrived at by an inductive approach at upper primary level.

Choose the correct option.

(1) Both $S_2$ and $S_3$ are true but $S_1$ is false

(2) Both $S_1$ and $S_3$ are true but $S_2$ is false

(3) Both $S_1$ and $S_2$ are true and $S_2$ is the correct reason for $S_1$

(4) Both $S_1$ and $S_3$ are true and $S_3$ is the correct reason for $S_1$

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

$S_1$ : मीमांसात्मक (सैद्धांतिक) सिद्धांतों को सत्यापित करने हेतु उच्च प्राथमिक स्तर पर सुव्यवस्थित प्रयोग को प्रस्तुत करने आवश्यकता है।

$S_2$ : विज्ञान की प्रकृति को समझने में गतिविधियाँ और प्रयोगात्मक साक्ष्य एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

$S_3$ : उच्च प्राथमिक स्तर पर आगमनात्मक उपागम द्वारा अधिकांश अवधारणाओं तक पहुँचना चाहिए।

सही विकल्प चुनिए।

(1) $S_2$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं किन्तु $S_1$ असत्य है

(2) $S_1$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं किन्तु $S_2$ असत्य है

(3) $S_1$ और $S_2$ दोनों सत्य हैं तथा $S_2$, $S_1$ का सही कारण है

(4) $S_1$ और $S_3$ दोनों सत्य हैं तथा $S_3$, $S_1$ का सही कारण है

**73.** Before beginning to formally teach a chapter on 'force' in Class VI, a teacher hold a discussion in which she asks children to imagine what would they do if they wish t keep a ball rolling on the ground for very long distances. How can she most suitably use th children's responses?

A. To evaluate students

B. To assess students' preconceptions

C. To determine the pedagogical strategy to be adopted to teach the concept

D. To enable students to define force

Choose the correct option.

(1) C and D
(2) A and C
(3) A and B
(4) B and C

कक्षा VI में 'बल' पर पाठ का औपचारिक रूप से पढ़ाना आरंभ करने से पहले शिक्षिका एक परिचर्चा रखती है, जिसमें वह बच्चे को यह कल्पना करने के लिए कहती है कि वे क्या करेंगे अगर वे गेंद को मैदान पर बहुत लंबी दूर तक लुढ़काए रखना चाहते हैं तो वह बच्चों के उत्तरों का कैसे सर्वाधिक उपयुक्त रूप से प्रयोग कर सकती है?

(A) विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने के लिए

(B) विद्यार्थियों की पूर्व-अवधारणाओं को आँकने के लिए

(C) अवधारणा के शिक्षण हेतु अपनायी जाने वाली शिक्षाशास्त्रीय रणनीति को निर्धारित करने के लिए

(D) शिक्षार्थियों को बल को परिभाषित कर पाने में सक्षम बनाने के लिए

सही विकल्प चुनिए।

(1) C और D
(2) A और C
(3) A और B
(4) B और C

**74.** Fill in the blanks with the correct answer :

At the onset of puberty, the size of ovaries in females ___A___ and produce ___B___. In males, ___C___ is produced by testes. The production of these hormones is controlled by ___D___.

(1) *A*—reduces; *B*—estrogen; *C*—testosterone; *D*—pituitary gland

(2) *A*—enlarges; *B*—estrogen; *C*—testosterone; *D*—pituitary gland

(3) *A*—reduces; *B*—estrogen; *C*—sex hormone; *D*—adrenal gland

(4) *A*—enlarges; *B*—thyroxine; *C*—testosterone; *D*—thyroid gland

रिक्त स्थानों को सही उत्तर से भरिए :

यौवनारंभ पर मादाओं में अंडाशय का आकार ___A___ जाता है और ___B___ उत्पन्न करता है। नर में, वृषण द्वारा ___C___ उत्पन्न होता है। इन हॉर्मोनों का उत्पादन ___D___ द्वारा नियंत्रित होता है।

(1) *A*—घट; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—पीयूष ग्रंथि

(2) *A*—बढ़; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—पीयूष ग्रंथि

(3) *A*—घट; *B*—एस्ट्रोजन; *C*—लिंग हॉर्मोन; *D*—अधिवृक्क (एड्रीनल) ग्रंथि

(4) *A*—बढ़; *B*—थाइरॉक्सिन; *C*—टेस्टोस्टेरॉन; *D*—थायरॉइड ग्रंथि

**75.** A circuit comprising three identical bulbs and a switch is connected in different arrangements as given below. In which arrangement will the bulbs glow the brightest?

(1) Arrangement *C*—Two bulbs in parallel connected in series with the third bulb

(2) Arrangement *D*—Two bulbs in series connected in parallel with the third bulb

(3) Arrangement *A*—All bulbs in series

(4) Arrangement *B*—All bulbs in parallel

एक परिपथ में तीन समरूप बल्बों और एक स्विच को विभिन्न व्यवस्थाओं में जोड़ा गया है, जैसा कि नीचे दिया गया है। किस व्यवस्था में बल्ब सर्वाधिक प्रदीप्त होंगे?

(1) व्यवस्था *C*—पार्श्वक्रम में संयोजित दो बल्ब तीसरे बल्ब के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित हैं

(2) व्यवस्था *D*—श्रेणीक्रम में संयोजित दो बल्ब तीसरे बल्ब के साथ पार्श्वक्रम में संयोजित हैं

(3) व्यवस्था *A*—सभी बल्ब श्रेणीक्रम में हैं

(4) व्यवस्था *B*—सभी बल्ब पार्श्वक्रम में हैं

**76.** Read the following statements :

Assertion (A) : Anodizing is a method to prevent metal from corrosion.

Reason (R) : Anodizing is a process of coating iron with a layer of zinc.

Choose the correct option.

(1) A is true but R is false

(2) Both A and R are false

(3) Both A and R are true and R is the correct reason for A

(4) Both A and R are true but R is not the correct reason for A

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : ऐनोडीकरण धातु को संक्षारण से बचाने की एक विधि है।

कारण (R) : ऐनोडीकरण लोहे पर जिंक की एक परत चढ़ाने की प्रक्रिया है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सत्य है किन्तु R असत्य है

(2) A और R दोनों असत्य हैं

(3) A और R दोनों सत्य हैं और A का R सही कारण है

(4) A और R दोनों सत्य हैं किन्तु A का R सही कारण नहीं है

**77.** Why do silver articles turn black when kept in the open for a few days?

(1) Due to reaction with nitrogen oxides present in air

(2) Due to reaction with carbon monoxide present in air

(3) Due to reaction with oxygen in air

(4) Due to reaction with hydrogen sulphide present in air

चाँदी की वस्तुएँ कुछ दिनों तक वायु में खुला रखने पर काली क्यों पड़ जाती हैं?

(1) वायु में उपस्थित नाइट्रोजन ऑक्साइडों के साथ अभिक्रिया के कारण

(2) वायु में उपस्थित कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ अभिक्रिया के कारण

(3) वायु की ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया के कारण

(4) वायु में उपस्थित हाइड्रोजन सल्फ़ाइड के साथ अभिक्रिया के कारण

**78.** Identify $A$, $B$, $C$ and $D$ in the following table :

| *Name of the salt* | *Salt obtained from* | |
|---|---|---|
| | *Acid* | *Base* |
| Ammonium chloride | HCl | $\underline{A}$ |
| Sodium nitrate | $HNO_3$ | $\underline{B}$ |
| Sodium chloride | $\underline{C}$ | $\underline{D}$ |

Choose the correct option.

(1) $A$—$NH_3$; $B$—NaOH; $C$—HCl; $D$—NaOH

(2) $A$—$NH_4OH$; $B$—NaO; $C$—HCl; $D$—$NaHCO_3$

(3) $A$—$NH_4OH$; $B$—$Na(OH)_2$; $C$—$HClO_2$; $D$—NaH

(4) $A$—$NH_4$; $B$—NaOH; $C$—HCl; $D$—NaOH

निम्न सारणी में $A$, $B$, $C$ और $D$ की पहचान कीजिए :

| *लवण का नाम* | *लवण प्राप्त किया गया* | |
|---|---|---|
| | *अम्ल* | *क्षार* |
| अमोनियम क्लोराइड | HCl | $\underline{A}$ |
| सोडियम नाइट्रेट | $HNO_3$ | $\underline{B}$ |
| सोडियम क्लोराइड | $\underline{C}$ | $\underline{D}$ |

सही विकल्प चुनिए।

(1) $A$—$NH_3$; $B$—NaOH; $C$—HCl; $D$—NaOH

(2) $A$—$NH_4OH$; $B$—NaO; $C$—HCl; $D$—$NaHCO_3$

(3) $A$—$NH_4OH$; $B$—$Na(OH)_2$; $C$—$HClO_2$; $D$—NaH

(4) $A$—$NH_4$; $B$—NaOH; $C$—HCl; $D$—NaOH

**79.** Read the following statements :

Step 1 : A few spoons of sugar are dissolved in water to prepare a concentrated sugar syrup.

Step 2 : The sugar syrup is heated on low flame till it caramelizes.

Choose the correct option.

(1) Both Step 1 and Step 2 are physical changes

(2) Both Step 1 and Step 2 are chemical changes

(3) Step 1 is a physical change and Step 2 is a chemical change

(4) Step 1 is a chemical change and Step 2 is a physical change

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

चरण 1 : चीनी का एक सांद्रित सिरप बनाने के लिए जल में कुछ चम्मच चीनी घोली गई।

चरण 2 : चीनी के सिरप को धीमी आँच पर कैरामेलीकरण होने तक गर्म किया गया।

सही विकल्प चुनिए।

(1) चरण 1 और चरण 2 दोनों भौतिक परिवर्तन हैं

(2) चरण 1 और चरण 2 दोनों रासायनिक परिवर्तन हैं

(3) चरण 1 एक भौतिक परिवर्तन है और चरण 2 एक रासायनिक परिवर्तन है

(4) चरण 1 एक रासायनिक परिवर्तन है और चरण 2 एक भौतिक परिवर्तन है

**80.** The ion of an element has two positive charges. The mass number of the atom is 27 and the number of neutrons is 14. What is the number of electrons in the ion?

(1) 11  (2) 15  (3) 13  (4) 10

किसी तत्त्व के आयन में दो धन आवेश हैं। परमाणु की द्रव्यमान संख्या 27 है और न्यूट्रॉनों की संख्या 14 है। आयन में इलेक्ट्रॉनों की संख्या कितनी है?

(1) 11  (2) 15  (3) 13  (4) 10

**81.** A ray of light travels from air into three media *A*, *B* and *C* with different optical densities. Refer to the table given below and identify *X*, *Y*, *Z* and *W* :

| | Change in speed of light | Change in frequency of light | Change in wavelength of light |
|---|---|---|---|
| Air to medium *A* | *X* | *Y* | Decreases |
| Air to medium *B* | Increases | No change | *Z* |
| Air to medium *C* | Remains same | *W* | No change |

Choose the correct option.

(1) *X*—Decreases; *Y*—Remains unchanged; *Z*—Increases; *W*—Remains unchanged

(2) *X*—Decreases; *Y*—Decreases; *Z*—Increases; *W*—Remains unchanged

(3) *X*—Increases; *Y*—Decreases; *Z*—Decreases; *W*—Increases

(4) *X*—Increases; *Y*—Increases; *Z*—Increases; *W*—Increases

प्रकाश की एक किरण वायु से विभिन्न प्रकाशिक घनत्वों के तीन माध्यमों *A*, *B* और *C* में यात्रा करती है। नीचे दी गई सारणी का संदर्भ लीजिए और *X*, *Y*, *Z* और *W* को पहचानिए :

| | प्रकाश की चाल में परिवर्तन | प्रकाश की आवृत्ति में परिवर्तन | प्रकाश की तरंगदैर्ध्यता में परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| वायु से माध्यम *A* में | *X* | *Y* | घट जाती है |
| वायु से माध्यम *B* में | वृद्धि होती है | एक जैसी है | *Z* |
| वायु से माध्यम *C* में | एक जैसी रहती है | *W* | एक जैसी है |

सही विकल्प चुनिए।

(1) *X*—घटती है; *Y*—अपरिवर्तित रहती है; *Z*—वृद्धि होती है; *W*—अपरिवर्तित रहती है

(2) *X*—घटती है; *Y*—घटती है; *Z*—वृद्धि होती है; *W*—अपरिवर्तित रहती है

(3) *X*—वृद्धि होती है; *Y*—घटती है; *Z*—घटती है; *W*—वृद्धि होती है

(4) *X*—वृद्धि होती है; *Y*—वृद्धि होती है; *Z*—वृद्धि होती है; *W*—वृद्धि होती है

**82.** Read the following statements :

Situation A : Growth and branching of roots in the A-horizon and B-horizon advantageous for absorption of water and minerals.

Situation B : C-horizon is rich in humus which makes soil soft and porous.

Choose the correct option.

(1) Both Situations A and B are true  (2) Both Situations A and B are false

(3) Only Situation A is true  (4) Only Situation B is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

स्थिति A : A-संस्तर स्थिति और B-संस्तर स्थिति में जड़ों की वृद्धि एवं शाखन जल एवं खनिजों के अवशोषण के लाभदायक है।

स्थिति B : C-संस्तर स्थिति खाद-मिट्टी में समृद्ध है जो मृदा को कोमल और छिद्रिल बनाता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) दोनों स्थितियाँ A और B सत्य हैं  (2) दोनों स्थितियाँ A और B असत्य हैं

(3) केवल स्थिति A सत्य है  (4) केवल स्थिति B सत्य है

**83.** You are provided with China rose indicator.

In the first test tube, you add two drops of solution $A$ and observe no change in colour of the solution.

In the second test tube, you add two drops of solution $B$ and get green colour.

In the third test tube, you add two drops of solution $C$ and get magenta (dark pink) colour.

Identify the nature of solutions $A$, $B$ and $C$.

(1) $A$—Neutral; $B$—Basic; $C$—Acidic

(2) $A$—Neutral; $B$—Acidic; $C$—Basic

(3) $A$—Basic; $B$—Neutral; $C$—Acidic

(4) $A$—Acidic; $B$—Basic; $C$—Neutral

आपको चाइना रोज़ (गुड़हल) सूचक दिया गया है।

प्रथम परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन $A$ की डालीं और विलयन के रंग में किसी परिवर्तन का प्रेक्षण नहीं किया।

दूसरी परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन $B$ की डालीं और हरा रंग प्राप्त किया।

तीसरी परखनली में, आपने दो बूँदें विलयन $C$ की डालीं और मैजेंटा (गहरा गुलाबी) रंग प्राप्त किया।

विलयनों $A$, $B$ और $C$ की प्रकृति की पहचान कीजिए।

(1) $A$—उदासीन; $B$—क्षारकीय; $C$—अम्लीय

(2) $A$—उदासीन; $B$—अम्लीय; $C$—क्षारकीय

(3) $A$—क्षारकीय; $B$—उदासीन; $C$—अम्लीय

(4) $A$—अम्लीय; $B$—क्षारकीय; $C$—उदासीन

**84.** Read the following statements :

Statement 1 : An object can have non-zero mechanical energy but zero momentum.

Statement 2 : An object can do zero work even if the force acting on the object is non-zero.

Choose the correct option.

(1) Both Statements 1 and 2 are true

(2) Both Statements 1 and 2 are false

(3) Statement 1 is true but Statement 2 is false

(4) Statement 1 is false but Statement 2 is true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

कथन 1 : किसी पिंड की अशून्य यांत्रिक ऊर्जा हो सकती है किन्तु शून्य संवेग हो सकता है।

कथन 2 : कोई पिंड शून्य कार्य कर सकता है, तब भी अगर पिंड पर लगाया गया बल अशून्य है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं

(2) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

(3) कथन 1 सत्य है किन्तु कथन 2 असत्य है

(4) कथन 1 असत्य है किन्तु कथन 2 सत्य है

**85.** Two identical metal containers are taken. Container $A$ is painted black and the containe painted white on the outside surface.

Step 1 : Both the containers are kept in direct sunlight.

Step 2 : After few hours, both the containers are kept in a shady area.

Which of the following will be observed?

(1) Container $A$ will gain as well as lose heat faster than container $B$

(2) Container $B$ will gain as well as lose heat faster than container $A$

(3) Container $A$ will gain heat faster than container $B$ whereas container $B$ will lose faster than container $A$

(4) Container $B$ will gain heat faster than container $A$ whereas container $A$ will lose faster than container $B$

धातु के दो समरूप पात्र लिए गए। पात्र $A$ को बाहरी सतह पर काला और पात्र $B$ को बाहरी सतह पर सफेद रंगा गया।

चरण 1 : दोनों पात्रों को सूर्य की सीधी रोशनी में रखा गया।

चरण 2 : कुछ घंटों के पश्चात्, दोनों पात्रों को एक छायादार क्षेत्र में रखा गया।

निम्नलिखित में से क्या प्रेक्षित किया जाएगा?

(1) पात्र $A$, पात्र $B$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से ऊष्मा ग्रहण करेगा और खोएगा

(2) पात्र $B$, पात्र $A$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से ऊष्मा ग्रहण करेगा और खोएगा

(3) पात्र $A$, पात्र $B$ से अधिक शीघ्रता से गर्म हो जाएगा जबकि पात्र $B$, पात्र $A$ से अधिक शीघ्रता से ऊष्मा खो देगा

(4) पात्र $B$, पात्र $A$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से गर्म हो जाएगा जबकि पात्र $A$, पात्र $B$ की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से खो देगा

**86.** Why is it difficult to cut with a blunt knife as compared to a sharp one?

(1) Area of contact increases

(2) Area of contact decreases

(3) Pressure increases

(4) Force decreases

तेज़ चाकू की तुलना में कुंद चाकू से काटना क्यों मुश्किल होता है?

(1) संपर्क क्षेत्र बढ़ जाता है

(2) संपर्क क्षेत्र कम हो जाता है

(3) दाब बढ़ जाता है

(4) बल कम हो जाता है

**87.** Which of the following can be used to increase the strength of an electromagnet?

(1) Using a plastic core

(2) Using an aluminium core

(3) Increasing the flow of current

(4) Decreasing the number of turns of coil

विद्युत्-चुंबक की शक्ति बढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है?

(1) प्लास्टिक कोर (क्रोड) का उपयोग करके

(2) ऐल्युमिनियम कोर (क्रोड) का उपयोग करके

(3) धारा का प्रवाह बढ़ाकर

(4) कुंडली के फेरों की संख्या कम करके

**88.** Which of the following is a set of organs that do ***not*** contribute to the digestive process?

(1) Small intestine, large intestine, rectum
(2) Large intestine, small intestine, oesophagus
(3) Buccal cavity, oesophagus, rectum
(4) Oesophagus, large intestine, rectum

निम्नलिखित में से कौन-सा उन अंगों का समुच्चय है, जो पाचन क्रिया में योगदान नहीं देते?

(1) क्षुद्रांत्र, बृहदांत्र, मलाशय
(2) बृहदांत्र, क्षुद्रांत्र, ग्रसिका
(3) मुख गुहिका, ग्रसिका, मलाशय
(4) ग्रसिका, बृहदांत्र, मलाशय

**89.** Read the following statements :

A : Earthworm breathes through its skin and does not have lungs.
B : Tadpole breathes through gills and does not have lungs.
C : Snake breathes through its skin and does not have lungs.

Choose the correct option.

(1) A and C are true
(2) Only A is true
(3) A and B are true
(4) B and C are true

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A : केंचुआ अपनी त्वचा के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।
B : बैंगची (टैडपोल) गलफड़ों के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।
C : साँप (सर्प) अपनी त्वचा के माध्यम से श्वास लेता है और उसके पास फेफड़े नहीं होते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C सत्य हैं
(2) केवल A सत्य है
(3) A और B सत्य हैं
(4) B और C सत्य हैं

**90.** Read the following, and identify *X*, *Y*, *Z* and *W* respectively :

*X* : The part which produces pollen grains
*Y* : The part where the female gamete is formed
*Z* : The female reproductive part where pollen grains germinate
*W* : The part of the flower which attracts insects

Choose the correct option.

(1) Anther, ovary, stigma, petals
(2) Stamen, ovary, ovule, petals
(3) Pistil, stigma, ovary, sepal
(4) Anther, pistil, ovary, sepal

निम्नलिखित को पढ़िए तथा क्रमशः *X*, *Y*, *Z* और *W* की पहचान कीजिए :

*X* : वह भाग, जो परागकण उत्पन्न करता है
*Y* : वह भाग, जिसमें मादा युग्मक की रचना होती है
*Z* : वह मादा जननांग, जहाँ परागकण अंकुरित होते हैं
*W* : फूल का वह भाग, जो कीटों को आकर्षित करता है

सही विकल्प चुनिए।

(1) परागकोश, अंडाशय, वर्तिकाग्र, पंखुड़ियाँ
(2) पुंकेसर, अंडाशय, बीजांड, पंखुड़ियाँ
(3) स्त्रीकेसर, वर्तिकाग्र, अंडाशय, बाह्यदल
(4) परागकोश, स्त्रीकेसर, अंडाशय, बाह्यदल

## IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण

Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics Science) *Or* from Part—III (Social Studies/Social Science).

परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या **31** से **90** **या** तो भाग—II (गणित व विज्ञान) **या** भाग—III (सामाजिक अध्य सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।

## PART—III / भाग—III

### SOCIAL STUDIES/SOCIAL SCIENCE / सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

***Direction*** **:** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropri** options.

*निर्देश* : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** Which of the following is ***not*** included in the Preamble of the Indian Constitution?

(1) Freedom
(2) Justice
(3) Equality
(4) Liberty

निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान की प्रस्तावना में अंतर्विष्ट **नहीं** है?

(1) स्वतंत्रता (फ्रीडम)
(2) न्याय
(3) समानता
(4) स्वाधीनता (लिबर्टी)

**32.** A situation where a person does not have resources and opportunities that are availabl other persons is known as

(1) difference
(2) otherness
(3) diversity
(4) inequality

एक ऐसी स्थिति, जहाँ एक व्यक्ति को वे संसाधन और अवसर प्राप्त नहीं हैं जो अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध हैं, कहलाती है

(1) विभेदन
(2) अन्यता
(3) विविधता
(4) असमानता

3. Which of the following is/are ***not*** characteristic/characteristics of democratic government?

A. Indirect participation of people in decision making

B. The Prime Minister has absolute power

C. Explain and defend its actions to the people

Choose the correct option.

(1) Only A and C
(2) Only B and C
(3) Only A
(4) Only B

निम्नलिखित में से कौन-सी लोकतांत्रिक सरकार की विशेषता/विशेषताएँ **नहीं** है/हैं?

A. निर्णय लेने में लोगों की अप्रत्यक्ष भागीदारी

B. प्रधानमंत्री के पास निरपेक्ष शक्ति है

C. अपने लोगों से अपने कार्यों को समझाना और बचाव करना

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A और C
(2) केवल B और C
(3) केवल A
(4) केवल B

4. Which of the following functions does ***not*** come under the jurisdiction of Municipal Corporations?

(1) Maintaining law and order
(2) Developing parks
(3) Education
(4) Making laws

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार्य नगरपालिकाओं के अधिकार-क्षेत्र में **नहीं** आता?

(1) न्याय-व्यवस्था को बनाए रखना
(2) पार्कों का विकास करना
(3) शिक्षा
(4) कानून निर्माण

5. Which of the following sequences in context of market chain is correct?

(1) Producer—Retailer—Wholesaler—Consumer
(2) Producer—Wholesaler—Retailer—Consumer
(3) Wholesaler—Retailer—Producer—Consumer
(4) Wholesaler—Producer—Retailer—Consumer

निम्नलिखित में से बाजारों की शृंखला के संदर्भ में कौन-सा क्रम सही है?

(1) उत्पादक—परचूनिया—थोक विक्रेता—उपभोक्ता
(2) उत्पादक—थोक विक्रेता—परचूनिया—उपभोक्ता
(3) थोक विक्रेता—परचूनिया—उत्पादक—उपभोक्ता
(4) थोक विक्रेता—उत्पादक—परचूनिया—उपभोक्ता

4651603

**36.** Read the following statements in reference to agricultural labourers :

Statement A : Employment guarantee programmes in rural areas can decrease migra from rural to urban areas.

Statement B : One of the main reasons for rural to urban migration has been the hig income jobs available in urban areas.

Choose the correct option.

(1) Both A and B are true and B is the reason for A

(2) Both A and B are true but B is not the reason for A

(3) A is true but B is false

(4) A is false but B is true

खेतिहर मजदूरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

कथन A : ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी कार्यक्रम ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में पलायन को घटा सकते हैं।

कथन B : ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में पलायन का एक मुख्य कारण शहरी क्षेत्रों में उच्च आय की नौकरियों की उपलब्धता है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B दोनों सत्य हैं, और A का कारण B है

(2) A और B दोनों सत्य हैं, किन्तु A का कारण B नहीं है

(3) A सत्य है, किन्तु B असत्य है

(4) A असत्य है, किन्तु B सत्य है

**37.** Match Column—A with Column—B :

| *Column—A (Panchayati Raj Institutions)* | *Column—B (Tasks)* |
|---|---|
| (a) Gram Sabha | (i) Regulating the money among Gram Panchayats |
| (b) Gram Panchayat | (ii) Coordinating the activities of the various Panchayats within its jurisdiction |
| (c) Janpad Panchayat | (iii) Approving BPL list |
| (d) Zila Parishad | (iv) Maintaining water sources |

Choose the correct option.

(1) (a)–(iii), (b)–(ii), (c)–(iv), (d)–(i)

(2) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)

(3) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)

(4) (a)–(ii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(iii)

कॉलम—A का कॉलम—B से मिलान कीजिए :

| *कॉलम—A (पंचायती राज संस्थान)* | *कॉलम—B (प्रकार्य)* |
|---|---|
| (a) ग्राम सभा | (i) ग्राम पंचायतों में धन को नियंत्रित करना |
| (b) ग्राम पंचायत | (ii) उसके क्षेत्राधिकार के विभिन्न पंचायतों के क्रियाकलापों में सामंजस्य बैठाना |
| (c) जनपद पंचायत | (iii) बी० पी० एल० सूची को अनुमोदित करना |
| (d) ज़िला परिषद् | (iv) जल स्रोतों का रख-रखाव करना |

सही विकल्प चुनिए।

(1) (a)–(iii), (b)–(ii), (c)–(iv), (d)–(i)

(2) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)

(3) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)

(4) (a)–(ii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(iii)

38. What does 'double burden' refer to?

(1) Women doing household chores and working outside the home too

(2) Young girls doing the household chores and looking after the younger siblings too

(3) Boys are expected to be physically as well as emotionally strong

(4) Pressure on men to get high-salaried job and not be emotionally weak

'दोहरे भार' का क्या संदर्भ है?

(1) औरतें घर का कामकाज करें और घर के बाहर भी कार्य करें

(2) किशोरियाँ घर का कामकाज करें और छोटे भाई-बहनों की देखभाल भी करें

(3) लड़कों से शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होने की अपेक्षा की जाती है

(4) आदमियों पर उच्च वेतनमान के रोजगार और भावात्मक रूप से कमजोर न होने का दबाव

39. The ______ protect citizens against the arbitrary and absolute exercise of power by the State.

(1) Fundamental Rights

(2) Directive Principles of State Policy

(3) Political Rights

(4) Human Rights

राज्य द्वारा निरंकुश एवं निरपेक्ष शक्तियों का उपयोग नागरिकों के विरुद्ध करने में ______ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

(1) मौलिक अधिकार

(2) राज्य के नीति निदेशात्मक सिद्धांत

(3) राजनीतिक अधिकार

(4) मानवाधिकार

40. Which of the following acts violate Article 21 of the Constitution of India?

A. A sanitation staff not getting minimum wages fixed by the government

B. Private schools charging exorbitant fees from students

C. A textile company contaminating the groundwater which is a source of drinking water

D. Denying hawkers to carry on their trade on the pavements

Choose the correct option.

(1) Only A and C

(2) Only B and D

(3) Only A and B

(4) Only B and C

निम्नलिखित में से कौन-से कार्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की अवमानना करते हैं?

A. सरकार द्वारा निश्चित न्यूनतम वेतन किसी सफाई कर्मचारी को न मिलना

B. निजी विद्यालयों का विद्यार्थियों से अत्यधिक फीस/शुल्क लेना

C. एक वस्त्रोद्योग भूजल को संक्रमित करे, जो कि पेय जल का एक स्रोत है

D. पटरियों पर रेहड़ी वालों को धंधा करने से मना करना

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल A और C

(2) केवल B और D

(3) केवल A और B

(4) केवल B और C

41. Consider the following statements :

Statement A : If an FIR has been registered for a cognizable offence, the police can d any relative of the accused for 24 hours.

Statement B : The police investigation includes collecting different kinds of evidence

Choose the correct option.

(1) Both A and B are true and B is the reason for A
(2) Both A and B are true but B is not the reason for A
(3) A is true but B is false
(4) A is false but B is true

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन A : यदि किसी प्रज्ञेय अपराध में एफ० आइ० आर० लिखी/पंजीकृत की जाती है, तो पुलिस अपराधी के किसी भी को 24 घंटों के लिए रोक सकती है।

कथन B : पुलिस की जाँच में विभिन्न प्रकार के प्रमाण एकत्र करना सम्मिलित है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और B दोनों सत्य हैं, और B, A का कारण है
(2) A और B दोनों सत्य हैं, किन्तु B, A का कारण नहीं है
(3) A सत्य है, किन्तु B असत्य है
(4) A असत्य है, किन्तु B सत्य है

42. Which of the following could be an appropriate way to counter the marginalizatio Adivasis?

(1) Appeal them to adapt into the ways of living of majority community
(2) Teach their history in schools
(3) Ask them to migrate to cities
(4) Showcase their culture as exotic in media

निम्नलिखित में से कौन-सा आदिवासियों के हाशियेकरण के प्रत्युत्तर का एक उपयुक्त मार्ग हो सकता है?

(1) उनसे बहुल समुदाय के रहन-सहन के अनुरूप रहने के साधनों को अपनाने की अपील करना
(2) उनके इतिहास को विद्यालयों में पढ़ाना
(3) उन्हें शहरों में पलायन करने के लिए कहना
(4) मीडिया में उनकी संस्कृति को आकर्षक रूप में दिखाना

43. Which of the following communities has/have been provided constitutional safeguards enacting the Prevention of Atrocities Act in 1989?

A. Minorities
B. Women
C. Scheduled Castes
D. Scheduled Tribes

Choose the correct option.

(1) Only C and D
(2) Only A, C and D
(3) Only A
(4) Only B

निम्नलिखित में से किस/किन समुदाय/समुदायों को 1989 के अत्याचार निरोध अधिनियम के अंतर्गत संवैधानिक सुरक्षा प्रदान गई है?

A. अल्पसंख्यक समुदाय
B. महिलाएँ
C. अनुसूचित जातियाँ
D. अनुसूचित जनजातियाँ

सही विकल्प चुनिए।

(1) केवल C और D
(2) केवल A, C और D
(3) केवल A
(4) केवल B

44. The boundaries of disciplines that make up the social sciences need to be opened up and a plurality of approaches may be applied to understand a given phenomenon. What is this approach called?

(1) Scientific inquiry
(2) Utilitarianism
(3) Interdisciplinary thinking
(4) Bounded knowledge

विद्याशाखा की सीमाओं को, जो सामाजिक विज्ञान का निर्माण करती हैं, खोलने की आवश्यकता है और एक दी गई परिघटना को समझने के लिए बहुसंख्यक उपागमों की आवश्यकता हो सकती है। इस उपागम को क्या कहा जाता है?

(1) वैज्ञानिक जाँच/पूछताछ
(2) उपयोगितावाद
(3) अंतर-अनुशासनिक चिंतन
(4) परिबद्ध ज्ञान

45. Which of the following is foundational logic in the drafting of syllabi of social science?

(1) Developing more instructive textbooks
(2) Epistemic shift towards patriarchal nationalist frame
(3) Inclusion of local perception
(4) Focusing on utilitarian aspects

सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम के निर्माण में निम्नलिखित में से कौन-सा बुनियादी तर्क प्रदान करता है?

(1) अधिक निर्देशात्मक पाठ्यपुस्तकों का निर्माण करना
(2) पितृसत्तात्मक राष्ट्रवादी संरचना की ओर ज्ञानमीमांसात्मक बदलाव
(3) स्थानीय अनुभवों का समावेश
(4) उपयोगितावादी पहलुओं पर जोर डालना

46. The concept of a 'fair trial' is an important one while talking about the criminal justice system. To teach this concept, you narrate to the students the story of a person who has been accused of theft and what happens thereafter at the police station and later in the court. What pedagogical resource have you used here?

(1) Charts
(2) Political cartoon
(3) Survey data
(4) Case study

'निष्पक्ष मुकदमा' एक महत्त्वपूर्ण संकल्पना है जब आपराधिक न्याय तंत्र के विषय में बात की जा रही हो। इस संकल्पना के शिक्षण के लिए आप विद्यार्थियों को एक व्यक्ति की कहानी सुनाते हैं, जिस पर चोरी का आरोप लगा हो और बाद में पुलिस थाने में और उसके बाद न्यायालय में क्या होता है। आपने यहाँ किस शिक्षणशास्त्रीय संसाधन का उपयोग किया है?

(1) चार्ट का
(2) राजनीतिक कार्टून का
(3) सर्वे के आँकड़ों का
(4) केस अध्ययन का

47. Which of the following should be followed by the teacher in his/her classroom to promote meaningful learning?

(1) Promoting the 'culture of quizzing' among the students
(2) Giving those tasks to the students which are challenging
(3) Giving recall-based tasks to the students
(4) Giving easy tasks to the students

सार्थक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक/शिक्षिका को अपनी कक्षा में निम्नलिखित में से किसका अनुसरण करना चाहिए?

(1) विद्यार्थियों के बीच 'प्रश्नोत्तरी की संस्कृति' को बढ़ावा देना
(2) विद्यार्थियों को वे कार्य देना, जो चुनौतीपूर्ण हों
(3) विद्यार्थियों को स्मरण-आधारित कार्य देना
(4) विद्यार्थियों को आसान कार्य देना

4655 1603

**48.** Below are two statements, one of them is Assertion (A) and the other is Reason (R). Read them carefully and choose the correct answer with the help of given options :

Assertion (A) : The study of social science helps the learners in understanding the contemporary society better.

Reason (R) : Social science education aims at providing students essential knowledge, skills and attitude necessary for self-development and also for becoming an effective member of the society.

Options :

(1) A is true but R is false

(2) A is false but R is true

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान का अध्ययन छात्रों में समकालीन समाज की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक होता है।

कारण (R) : सामाजिक विज्ञान की शिक्षा छात्र को समाज के प्रभावी सदस्य बनाने के लिए तथा आत्म-विकास के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और सही दृष्टिकोण प्रदान करती है।

विकल्प :

(1) A सही है परन्तु R गलत है

(2) A गलत है परन्तु R सही है

(3) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है

(4) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है

**49.** Teaching social science is a

(1) process of transmission of facts

(2) coaching for memorization

(3) personal activity

(4) professional activity

सामाजिक विज्ञान शिक्षण एक ________ है।

(1) तथ्यों के प्रसारण की प्रक्रिया

(2) याद रखने की कोचिंग

(3) व्यक्तिगत गतिविधि

(4) पेशेवर गतिविधि

**50.** Which of the following is/are the most suitable teaching-learning material/materials to explain different parts of the earth to the students?

A. Globe B. Map C. Atlas

Choose the correct option.

(1) A and C

(2) Only A

(3) A and B

(4) B and C

विद्यार्थियों को पृथ्वी के विभिन्न भागों की व्याख्या करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण अधिगम सामग्री/सामग्रियाँ सबसे उपयुक्त है/हैं?

A. ग्लोब B. नकशा C. एटलस

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और C

(2) केवल A

(3) A और B

(4) B और C

51. Which of the following pedagogical techniques should be used by teachers for making social science enjoyable for students?

A. Organization of visits to museum

B. Celebration of Social Science Week

C. Encouraging watching of night sky

D. Sharing large statistical data related to social facts

Choose the correct option.

(1) A, C and D
(2) A, B and D
(3) A, B and C
(4) B, C and D

निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण विधि बच्चों के लिए सामाजिक विज्ञान को आनंदप्रद बनाने के लिए शिक्षक/शिक्षिका द्वारा प्रयोग की जानी चाहिए?

A. संग्रहालय की यात्रा का आयोजन

B. सामाजिक विज्ञान सप्ताह मनाना

C. रात्रि आकाश देखने के लिए प्रोत्साहित करना

D. सामाजिक तथ्यों से संबंधित बृहद् सांख्यिकीय डेटा साझा करना

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, C और D
(2) A, B और D
(3) A, B और C
(4) B, C और D

52. Below are two statements. Read them carefully and choose the correct answer with the help of given options :

Statement I : Meaningful learning in social science is a generative process of storage and retrieval of information.

Statement II : Thinking, language (verbal or sign) and doing things are intimately intertwined.

Options :

(1) Statement I is true but Statement II is false
(2) Statement I is false but Statement II is true
(3) Both Statement I and Statement II are true
(4) Both Statement I and Statement II are false

नीचे दो कथन दिए गए हैं। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कथन I : सामाजिक विज्ञान में सार्थक अधिगम सूचना के भंडारण और पुनःप्राप्ति की एक उत्पादक प्रक्रिया है।

कथन II : सोचना, भाषा (मौखिक या सांकेतिक) और कार्य करना आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं।

विकल्प :

(1) कथन I सही है परन्तु कथन II गलत है
(2) कथन I गलत है परन्तु कथन II सही है
(3) कथन I और कथन II दोनों सही हैं
(4) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं

**53.** Below are two statements. Read them carefully and choose the correct answer with the hel
of given options :

Statement I : In a democratic setup, centralization of power such as the 'Panchayati Ra
System' has gained importance.

Statement II : 'Panchayati Raj System' aims at raising the levels of participation an
involvement of people.

Options :

(1) Statement I is true but Statement II is false

(2) Statement I is false but Statement II is true

(3) Both Statement I and Statement II are true

(4) Both Statement I and Statement II are false

नीचे दो कथन दिए गए हैं। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कथन I : लोकतांत्रिक पद्धति में अधिकारों के केन्द्रीकरण जैसे 'पंचायती राज व्यवस्था' ने बहुत महत्त्व हासिल कर लिया है।

कथन II : 'पंचायती राज व्यवस्था' का उद्देश्य लोगों की सहभागिता के स्तर को ऊँचा उठाना है।

विकल्प :

(1) कथन I सही है परन्तु कथन II गलत है

(2) कथन I गलत है परन्तु कथन II सही है

(3) कथन I और कथन II दोनों सही हैं

(4) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं

**54.** The 'Sabhas' in the reign of Pallava, through their subcommittees, performed various work
such as irrigation, road construction, maintenance of local temples, etc. Which of th
following child-centred activities can be done to acquaint the students with the nuances o
their functioning?

A. Description of work division on the school campus

B. Example of different groups created for classroom management

C. Getting a real tour of the Sabhas of the reign of Pallava

D. Getting a tour of the Sabhas of the reign of Pallava through audio-visual material

Choose the correct option.

(1) A, B and C

(2) A, B and D

(3) A and B

(4) B and C

पल्लवकालीन 'सभाएँ' अपनी उपसमितियों के ज़रिए विभिन्न तरह के काम जैसे सिंचाई, सड़क निर्माण, स्थानीय मंदिरों की देखरेख आदि
करती थीं। इनके कार्य संचालन की बारीकियों से विद्यार्थियों को रूबरू करवाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी बालकेन्द्रि
गतिविधियाँ की जा सकती हैं?

A. विद्यालय परिसर में कार्य-विभाजन का वर्णन

B. कक्षा संचालन के लिए बनाए गए अलग-अलग समूहों का उदाहरण

C. पल्लवकालीन सभाओं की वास्तविक यात्रा करवाना

D. श्रव्य-दृश्य सामग्री के माध्यम से पल्लवकालीन सभाओं की यात्रा करवाना

सही विकल्प चुनिए।

(1) A, B और C

(2) A, B और D

(3) A और B

(4) B और C

**55.** To ensure that social science teaching moves away from an excessive emphasis on developmental issues to an understanding of issues related to justice and dignity, there needs to be a shift in focus from utilitarianism to ________.

(1) egalitarianism

(2) existentialism

(3) altruism

(4) consequentialism

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सामाजिक विज्ञान का शिक्षण विकासशील मुद्दों पर अधिक बल देने से दूर जाते हुए ऐसे मुद्दों की समझ पैदा करे जो न्याय और प्रतिष्ठा से जुड़े हैं, यह आवश्यक है कि ध्यान में उपयोगितावाद से ________ की ओर अंतरण हो।

(1) समतावाद

(2) अस्तित्ववाद

(3) परार्थवाद

(4) परिणामवाद

**56.** Below are two statements, one of them is Assertion (A) and the other is Reason (R). Read them carefully and choose the correct answer with the help of given options :

Assertion (A) : An important aspect of social science is the possibility of having different shades or at times even diametrically opposite answers.

Reason (R) : It is critical for a social science teacher to move away from the age-old habit of preaching to the pulpit.

Options :

(1) A is true but R is false

(2) A is false but R is true

(3) Both A and R are true and R is the correct explanation of A

(4) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : सामाजिक विज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष है अलग-अलग भावों वाले उत्तरों, या कभी-कभी पूर्णतः विपरीत उत्तरों की संभावना।

कारण (R) : सामाजिक विज्ञान के/की शिक्षक/शिक्षिका के लिए पीठासीन होकर प्रवचन देने की पारंपरिक आदत से हटना जरूरी है।

विकल्प :

(1) A सही है परन्तु R गलत है

